v

अध्याय
03

# साना-साना हाथ जोड़ि

© JCERT not to be republished



## मधु कांकरिया


JEPC Reference Book for Free Distribution : 2022-23

# पाठ विधि- यात्रा वृतांत

## लेखिका मधु कांकरिया

## लेखिका -परिचय

**नाम -मधु कांकरिया**

**जन्म वर्ष - 23 मार्च 1957**

**राज्य - पश्चिम बंगाल ( कोलकाता)**

**माता का नाम - अक्षय देवी,**

**पिता का नाम - श्री ध्यानचंद**

**शिक्षा - अर्थशास्त्र में एम ए, कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा।**

**काल - आधुनिक काल। वर्तमान में स्वतंत्र रूप से रचनाएं कर रही हैं।**

**पहचान - प्रतिष्ठित कथाकार तथा उपन्यासकार।**

## साहित्यिक परिचय

हिंदी साहित्य जगत में मधु कांकरिया अपने नाम की ही भांति अपने मधुर लिखने के लिए जानी जाती हैं। संवेदनशीलता के साथ जीवन के कई मुद्दों पर खुलकर बात करने वाली लेखिका के रचनाओं के पात्र इतने सहज और सशक्त हैं कि मानो लगता है कि हम में से कोई एक व्यक्ति ही इस रचना के आसपास खड़ा हो। उनकी रचनाओं का सच का कसैला पन पाठकों के मन तक धंसती हैं । जैसे ढलती सांझ का सूरज में किसानी आत्महत्या का चित्रण आदि। मधु कांकरिया के साहित्य की विशेषताएं कोमल और नमित कर देने वाले भावों से युक्त हैं। शायद कोलकाता के पृष्ठभूमि से होने के कारण ही साम्यवाद की वैचारिक हवा उनके भीतर तक नजर आती है। साम्यवाद एक ऐसी वैचारिक धारा है जहां सब कुछ सामान है। उनके रचनाओं में समानता की छटपटाहट साफ नजर आती है जैसे सेज पर संस्कृति देखा जा सकता है। जहां पुरुषों और स्त्रियों के लिए अलग-अलग मापदंड है। उनके अधिकांश रचनाओं के शीर्षक इतने उम्दें है कि ही पाठक को रचना के आंतरिक भाग तक लेकर चली जाती है। धरती के बंजर होती कोख, किसानी समस्या, भूख पीड़ा से ग्रसित आदिवासी, या सेक्स वर्कर्स, रेड लाइट जीवन की त्रासदी, युवा वर्ग का तनाव, नशाखोरी की प्रवृत्ति, महानगरों की शून्य होती जीवन शैली आदि जैसे विषयों का उन्होंने अपनी रचना में बखूबी बयां किया है ।

भाषा शैली -मधु कांकरिया जी का कलम विचारों तथा संवेदना ओं को सुंदर आयाम देती है। उनकी रचनाओं में सभी भाषाओं को समान अधिकार मिला है। उदाहरण के लिए सना सना हाथ जोड़ी में उन्होंने हिंदी अंग्रेजी नेपाली आदि भाषाओं को एक साथ पिरो दिया है। यहां तक कि साना साना हाथ जोड़ी शीर्षक भी नेपाली भाषा एक प्रार्थना पर उन्होंने रखा है।

**मधु कांकड़िया जी की प्रमुख रचनाएं एवं उनके रचनाओं के विषय वस्तु :**

© JCERT not to be republished

**उपन्यास** – खुले गगन के लाल सितारे 1970

**विषय वस्तु** – नक्सलवादी आंदोलन।

उपन्यास सलाम आखरी 2002

**कथावस्तु** – देह व्यापार से पीड़ित महिलाएं

**उपन्यास –पता खोर**

**कथावस्तु** – युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की समस्याय।

उपन्यास सेज पर संस्कृति 2008

**कथावस्तु** – भुक्तभोगी नारी का चित्रण।

उपन्याससूखे चिनार 2012 –कश्मीरी पृष्ठभूमि पर लिखी गई रचना

**कथावस्तु** – कश्मीरी पृष्ठभूमि पर लिखी गई रचना।

**उपन्यास** – हम यहां थे 2008-

**विषय वस्तु**– नव युवक और युवतियों को समाज के प्रति दायित्व का बोध कराना, सामान्य स्त्री का जीवन संघर्ष।

उपन्यास ढलती सांझ का सूरज

**कथा वस्तु** – महाराष्ट्र के किसानी जीवन का तनाव एवं आत्महत्या

मधु कांकरिया जी के कुछ चर्चित कहानी एवं रचनाओं के विषय वस्तु:

**कहानी** – काली चील

विषय वस्तु – अफसरशाही का आंतक।

**कहानी** – उसे बुद्ध ने काटा–

**विषय वस्तु** – नौकरी का तनाव,घुटते युवा पीढ़ी की कहानी।

फाइल, अंतहीन मरुस्थल, और अंत में यीशु, बीतेत हुए,भारी दोपहरी के अंधेरे।

**यात्रा वृतांत** – बुद्ध,बारूद और पहाड़, शहर शहर जादू, बंजारा मन और बंदिशें, साना साना हाथ जोड़ी।

**टेलीफिल्म** – रहना नहीं देश बिराना है(प्रसार भारती द्वारा 2008 में प्रसारित)

## पुरस्कार एवं सम्मान –

**पुरस्कार** – कथाक्रम सम्मान, हेमचंद्राचार्य साहित्य सम्मान, बिहारी पुरस्कार –(हम यहां थे 1921)

साना साना हाथ जोड़ी :पाठ परिचय

साना साना हाथ जोड़ी मधु कांकरिया जी द्वारा रचित एक यात्रा वृतांत है। यह यात्रा वृतांत सिक्किम राज्य के हर पहलुओं को छूता हुआ नजर आता है। वहीं हमें महानगरों के डार्क ड्राइंग रूम से बाहर निकलने की भी प्रेरणादेती है । आइए पाठ से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को जानने का प्रयास करें

1. मेहनतकश बादशाहो का शहर गंगतोक – लेखिका अपनी यात्रा वृतांत को गंगतोक शहर से शुरू करती है लेखिका की नजरों में गंगतोक हर परिपेक्ष में सुंदर है इसके निर्माण में यहां के बादशाहों होने अतुलनीय योगदान रहा है।

© JCERT not to be republished

2. यूमतांग घाटी की सुंदरता -सिक्किम राज्य की यह सुंदर घाटी फूलों,पाइन के पेड़ों और बुद्ध पताकाओं से सुसज्जित है।

3. विभिन्न धर्मों और जातियों का समावेश -सिक्किम राज्य कवि स्वतंत्र रजवाड़ों के द्वारा शासित था पर सिक्किम अब भारत में सम्मिलित हो गया है इस राज्य में नेपाली तिब्बती अंग्रेजी हिंदी आदि भाषाओं का बोलबाला है, तो दूसरी तरफ भूटिया (भूटान) और लेप्चा (सिक्किम) जैसे स्थानीय जातियों का वास भी है।

4. यथार्थ और सुंदरता का एक साथ होना- पहाड़ी राज्य होने के नाते प्रकृति ने सिक्किम पर खूब मेहरबानी की है किंतु जीवन की दूसरी विडंबना यह है कि यहां विकास की गति धीमी है रोजगार का अभाव स्कूलों की कमी यहां आम बात है भूख बेरोजगारी मृत्यु आदि विषय यहां दिल को दहलाती है।

5. मातृत्व और श्रम साधना एक साथ -जहां प्रकृति एक तरफ अपनी पराकाष्ठा पर झूमते गाते नजर आती है वहीं दूसरी तरफ यहां की महिलाएं अपने कोमल देह पर बच्चे को लादें काम करने को विवश है।

6. प्रकृति के रसास्वादन में व्यवधान (बाधा) -हिमालय की शीतलता फूलों की घाटियां और तीस्ता नदी की निर्मल जल धारा मन को आध्यात्मिक धरातल पर ले जाती है वहीं भूख मौत और वन्यजीवन प्रकृति के रसास्वादन में बाधा उत्पन्न करती है।

7. श्रम सुंदरियों से प्रकृति का मेल -लेखिका कहती हैं कि जब पहाड़ी औरतें गायों को चरा कर वापस लौटती हैं और भारी लकड़ियों का गट्ठर ढ़ोती महिलाएं साथ ही साथ चाय के बागान में काम करती महिलाएं इनकी सुंदरता के साथ संध्या के समयप्रकृति की सुंदरता भी घुल मिल सी जाती है।

8. कटाओ में एक भी दुकान का ना होना- बढ़ते प्रदूषण और वैज्ञानिक निर्माण ने सब कुछ बदल दिया है आवश्यक नहीं कि सौंदर्य सब के फायदे के लिए ही हो जिम्मेदारी के साथ हमें अपने पर्यावरण को बचाना होगा। फटाओ में एक भी दुकान नहीं है तभी वहां स्नोफॉल हो रही है वरना यह नजारा भी प्रदूषण की भेंट चढ़ जाता।

9. आम जनता की भावना- जितेन द्वारा लेखिका को यह कहना कि मैडम यह धर्म चक्र है प्रेयर विल इसको घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं यह सुनकर लेखिका को यह एहसास होता है कि देश की सारी आम जनता एक समान है चाहे वह मैदानी या पहाड़ी हो इनके विश्वास, श्रद्धा,पाप- पुण्य की अवधारणा में कोई अंतर नहीं है।

10. लेखिका के मन की भीतर की बेचैनी- कटाओ जैसे स्थान पर शिवाय पेट्रोल के सब कुछ जम जाता है हमारे भारतीय फौजियों की तैनाती लेखिका

© JCERT not to be republished

के मन को उदास कर देती है ।वि वील टुडे फॉर यू टुमारो यह लेखिका को फौजी छावनी पर लिखा मिलता है यह वाक्य लेखिका को अंदर तक झकझोर देता है।

11. सिक्किमी लोगों की मान्यता- जितेन द्वारा या लेखिका को बताया जाता है कि पहाड़ नदी झरने इनकी हम पूजा करते हैं इन्हें गंदा करेंगे तो हम मर जाएंगे इस वाक्य के द्वारा यहां के लोगों की प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना देखने को मिलता है।

12. जीवन का संतुलन -आम जनता मजबूरी में आकर हमारे लिए वे सारे संसाधन जुटाते हैं जिनमें उनके जान तक चली जाती है और हमें उन संसाधनों का लाभ उठाते समय यह ज्ञात भी नहीं होता जैसे सिक्किम में रास्ता बनाते समय कई लोगों ने जान गवाई यह साधारण लोग ही हमारे जीवन को संतुलित बना कर रखे हैं।

13. पहाड़ों का वरदान पहाड़ों ने हमारे जीवन को हमेशा से सजाने संवारने का काम किया है यह पहाड़ हमें जहां त्याग अध्यात्म की ओर ले जाती है। पहाड़ों की दिव्य वातावरण में जहां ऋषियों ने हमारे लिए अद्भुत रचनाएं की तो दूसरी तरफ पहाड़ों ने हमारे लिए जल का प्रबंध भी किया।

## 'साना–साना हाथ जोड़ि' का संक्षिप्त सारांश

- 'साना–साना हाथ जोड़ि' मधु कांकरिया जी द्वारा रचित एक यात्रा वृतांत है।
- यह यात्रा वृतांत सिक्किम राज्य के हर पहलुओं को छूता हुआ नजर आता है।
- लेखिका हमें महानगरों के डार्क ड्राइंग रूम से बाहर निकलने की प्रेरणा देती है।
- सिक्किम भारत में विलय होने के पहले स्वतंत्र रजवाड़ा था।
- गैंगटॉक सिक्किम राज्य की राजधानी है जहां लेपचा भुटिया जैसी स्थानीय जातियाँ रहती हैं।
- यहां नेपाली, तिब्बती, अंग्रेजी, हिंदी आदि भाषाओं का प्रचलन है।

© JCERT not to be republished

- जितेन एक नेपाली गाइड है जो लेखिका को सिक्किम की हर पहलू से अवगत कराता है।
- लेखिका को पहाड़ी औरतों की सुंदरता भीतर तक आकर्षित कर जाती है।
- पहाड़ी महिलाएं बच्चों को लेकर काम करने के लिए बाध्य हैं।
- लेखिका को पहाड़ी महिलाओं को देखकर गुमला और पलामू की आदिवासी महिलाओं की यादि आ जाती है।
- पहाड़ों की सुंदरता और शांत वातावरण को लेखिका ऋषियों के लिए उत्तम रचना का कारण मानती है।
- पहाड़ों के जल प्रबंधन पर लेखिका आश्चर्य व्यक्त करती है।
- लेखिका को निम्नलिखित बातें आहत करती हैं।
  - (क) श्रम साध्य पहाड़ी महिला
  - (ख) पहाड़ी चढ़ाई करते स्कूली बच्चे।
  - (ग) पहाड़ी क्षेत्र में भूख, बेरोजगारी, मृत्यु जैसी समस्याएँ।
  - (घ) अत्यधिक ठंड में ड्यूटी में तैनात जवान

**शब्दार्थ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हैरान– | आश्चर्य, चकित | बुद्धिष्ट– | बौद्ध धर्म के अनुयायी |
| मेहनतकश– | मेहनत करने वाला | अवधारणा– | विचार |
| बादशाह– | राजा | काम्य– | सुंदर एवं सुखद |
| अतींद्रियता– | इंद्रियों से परे | सैलानी– | पर्यटक |
| बाल्कनी– | बरामदा | उजास– | उजाला, प्रकाश |
| बचकाना– | बच्चों जैसा | रकम–रकम – | तरह तरह के |
| पताकाएं– | झंडा | शिद्दत – | तीव्रता |
| | | प्रबलता – | अधिकता |

© JCERT not to be republished

मुंडकी – सिर

मशगूल – व्यस्त

अभिशप्त – शापित

अभियुक्त – सरहद–सीमा

तामसिकताएं – तमोगुण से युक्त, कुटिल

दुष्ट–वासनाएँ – बुरी इच्छाएँ

सयानी– समझदार, चतुर

जन्नत– स्वर्ग

चैरवेति–चैरवेति – चलते रहो, चलते रहो

चुहलबाजी– हंसी मजाक

वजूद– अस्तित्व

ठाठे– हाथ में पड़ने वाली गाठें या निशान

वेस्ट एट रिपेईंग – कम लेना व ज्यादा देना

हेयर पिन बेंट – तेज वक्र या मोड़

चिकना वार्बीला – बड़े हुए पेट वाला

मद्धिम – धीमी, हल्की

हलाहल – विष, जहर

संक्रमण – मिलन, संयोग

सुरम्य – सुंदर, रमणीय

लेबल – स्तर, तल

सुर्खियाँ – चर्चा में आना

गुड्डुप – निगल लिया, राम रोछो–अच्छा है।

टूरिस्ट स्पॉट – भ्रमण–स्थल

राजवाड़ा – रियासत

बोकु – सिक्किमी परिधान

## प्रश्न अभ्यास

**प्रश्न 1. झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था**

उत्तर - मन में अलौकिक प्रकाश का आभास करा रहा था जो इन्द्रिय अनुभव से परे था। गंतोक के जादुई सौंदर्य से लेखिका मुग्ध हो गई थी।

**प्रश्न 2. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया**

उत्तर - पहाड़ों को रहने लायक बनाना उसे सजाना सवारना और लोगों के लिए उपयोगी बनाना आसान नहीं है लेकिन गंगतोक बादशाहों ने अपने मेहनत के बदौलत इसे संभव बना दिया।

**प्रश्न 3. कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?**

उत्तर - जब किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु होती है तब श्वेत पताकाएं एवं किसी शुभ अवसर पर रंगीन पताकाएं फहराया जाता है।

**प्रश्न 4. जितेन नार्गे ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति, वहाँ की भौगोलिक स्थिति एवं जनजीवन के बारे में क्या महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं, लिखिए।**

© JCERT not to be republished

उत्तर - जितेन के लेखिका को घुमाने वाला गाइड था। गाइड होने के नाते जितेन को यहां की प्रकृति भौगोलिक एवं यहां के जन जीवन की जानकारी थी। जितेन ने लेखिका को यहां की सीमाओं के बारे में बताया यहां की महिलाओं एवं बच्चों की होने वाली कठिनाईयों से अवगत कराया। फूलों एवं घाटियों से परिचित करवाया। कि लोक मान्यताओं को भी सांझा किया।

**प्रश्न 5. लोंग स्टॉक(स्थान का नाम) में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी?**

उत्तर - लोंग स्टांक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका ने जितेन से जब प्रश्न किया तब जितेन ने बताया कि इस चक्र को घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं तब लेखिका को लगा कि देश की मान्यताएं, धारणाएं एवं परंपराएं एक जैसी है चाहे वह पहाड़ी या मैदानी इलाका के लोग हो।

**प्रश्न 6. जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं?**

उत्तर- एक गाइड में निम्नलिखित भूमिका होना अनिवार्य है-

1. गाइड को स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
2. एक गाइड को भौगोलिक स्थितियों के अतिरिक्त वहां की राजनीतिक जानकारी भी रखने की आवश्यकता होती है।
3. एक गाइड का स्वभाव मैत्रीपूर्ण होना चाहिए।
4. निर्भीक एवं विनम्र होना चाहिए।
5. गाइड में मनोभाव समझने की क्षमता होनी चाहिए। ताकि लोगों को वह अपने तथा वातावरण केअनुकूल ढाल सके।

**प्रश्न 7. इस यात्रा-वृतांत में लेखिका ने हिमालय के जिन जिन रूपों का चित्र खींचा है उन्हें अपने शब्दों में लिखिए**

उत्तर - लेखिका को अपनी यात्रा वृतांत के दौरान हिमालय कई रूपों में नजर आई कहीं हिमालय उन्हें चटक हरे रंग की लगी तो कहीं पीले रंग की तो कही प्लास्टर उखड़ी दीवार की तरह पथरीली। कहीं उन्हें हिमालय की गोद फूलों से भरी दिखाई दी तो कहीं तीस्ता नदी की धारा से नहाई हुई लगी। हिमालय उन्हें ऋषि मुनियों की अध्यात्म स्थली के रूप में नजर आई। हिमालय को देखकर उन्हें ईश्वर की निकटता का आभास होता है और उन्हें लगता है कि जैसे सारी तामसिक भावनाओं को हिमालय ने अपने में समेट लिया है।

**प्रश्न 8. प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौन से दृश्य झकझोर गए?**

उत्तर - मातृत्व और श्रम साधना में लीन महिलाएं पहाड़ी पर चढ़ाई चढ़कर स्कूल जाते बच्चे सड़क निर्माण के दौरान मारे गए लोगों और कठोर जल वायु में तैनात भारतीय फौजी यह सब दृश्य को देखकर लेखिका का ह्रदय पिघल गया।

**प्रश्न 9. सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन-किन लोगों का योगदान होता है, उल्लेख करें।**

© JCERT not to be republished

सैलानियों (पर्यटक) को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करावाने में निम्नलिखित लोगों का योगदान रहता है:-

1. **स्थानीय नागरिक-** देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटकों को स्थानीय सूचना साझा करने में यह लोग मदद पहुंचाते हैं।
2. **गाइड -** मनोरंजन के साथ-साथ प्राकृतिक दृश्यों की जानकारी उपलब्ध कराने में मदद पहुंचाते हैं ये गाइड।
3. **श्रमिक वर्ग -** किसी भी स्थान की प्राकृतिक संसाधनों या खूबसूरती तक पहुंचाने में मदद करते हैं यह श्रमिक। सड़क निर्माण के द्वारा यह लोग नामुमकिन को मुमकिन बनाते हैं। इन्हें हम देश की रीढ़की हड्डी भी मान सकते हैं।
4. **टूरिज्म स्पॉट-** टूरिज्म स्पॉट लोगों को प्राकृतिक दृश्य को अनुभव कराने में मदद करती है। सरकार के द्वारा ऐसे लोगों की नियुक्ति भी की जाती है।
5. **वाहन चालक-** यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच सके और प्रकृति का आनंद ले सके इसमें वाहन चालकों का बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान होता है।

**प्रश्न 10. "कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं।" इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है?**

उत्तर- देश की प्रगति का आधार है यह आम जनता इन्हें हम देश की रीढ़ की हड्डी भी मान सकते हैं, अगर यह आम जनता अपने हाथ खड़े कर ले तो विकास की गति में एकदम से ब्रेक लग जाएगा। पर्वतों से लेकर पाताल तक ये मेहनतकश लोग लगे रहते हैं तभी हम आज हर संसाधन का उपभोग कर पा रहे हैं, बदले में हम इन्हीं ना तो आत्मीयता दे पाते हैं और ना ही इनके प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं। इतने तनिक मूल्य में यह हमें निहाल कर देते हैं और यहां तक कि जोखिम भरे कामों में अपनी जान तक गंवा बैठते हैं जैसे पहाड़ी इलाके में रास्ता बनाते समय इनके साथ अक्सर हुआ करता है।

**प्रश्न 11. आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है। इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए।**

उत्तर - पर्वत जंगल भूमि जल आदि संसाधनों से प्रकृति ने हमें नवाजा है मानव ने इस भेंट स्वरूप संसाधनों का जमकर दोहन किया है परिणाम विनाश का आमंत्रण है, जिसे हम समझ कर भी समझना नहीं चाहते हमें ग्रीन हाउस गैस की जगह थिंक ग्रीन की ओर जाने की जरूरत है पर्यावरणीय दुरुपयोग की पहचान करके जिम्मेदार संसाधनों का समर्थन करना हमारी जिम्मेदारी है प्रकृति के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना हम सब में होनी चाहिए।

**प्रश्न 12. प्रदूषण के कारण स्नोफॉल में कमी का जिक्र किया गया है? प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं, लिखें।**

उत्तर- प्रदूषण के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है वायु में हानिकारक तत्व का समावेश

© JCERT not to be republished

हुआ है वर्षा में भारी कमी आ गई है। जल प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी भी प्रदूषित हो रही है। प्रदूषण बढ़ने के कारण हम सब प्राया बीमारियों के चपेट में आते रहते हैं।

**प्रश्न 13. 'कटाओ' पर किसी भी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है। इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए।**

उत्तर - बाजार का अर्थ ही है मुनाफा कमाना मुनाफा कमाने के लिए पूंजीवादी लोग हर तरह के हथकंडे आते हैं जो पर्यावरण के लिए उचित नहीं है। आज व्यक्ति जहां भी जाता है अपने साथ कचरे के ढेर को भी ले जाना नहीं भूलता यह हमारी प्रकृति को बहुत बड़ी समस्या में डालती है। कटाओ में एक भी दुकान ना होने के कारण लोग अपनी असुविधा को देखते हुए वहां पहुंचने से कतराते हैं, इस तरह यह कह सकते हैं कि कटाओ में एक भी दुकान ना होना कटाओ के लिए वरदान है।

**प्रश्न 14. प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है?**

उत्तर - प्रकृति ने अपने आंचल में हमारे लिए हजारों आशीर्वाद रख छोड़े हैं। जब मनुष्य टेक्नोलॉजी की दुनिया से परिचित नही था तब भी प्रकृति हमारे लिए अपने तरीके से अनूठी व्यवस्था करती थी और करती ही रहेगी। ठंड के दिनों में हिम के रूप में जल का संचय और गर्मी के दिनों में संचित जल को हमारे पीने के लिए उपलब्ध करा देना किसी टेक्नोलॉजी से कम नहीं है सदियों से प्रकृति ने यह व्यवस्था बनाए रखा है आवश्यकता है कि हम इस व्यवस्था का सदुपयोग करें और ग्रीन हाउस गैस से थिंक ग्रीन की ओर चलें।

**प्रश्न 15. देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए?**

उत्तर - देश की सीमाओं पर बैठे फौजियों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है प्राकृतिक संघर्ष और मानवीय क्रियाकलापों से होने वाले जान की जोखिम के तौर पर इसे हम देख सकते हैं। उत्तर में कड़ाके की ठंड, पूर्वोत्तर में जहरीले कीड़े मकोड़े मच्छरों का डर, पश्चिम में रेगिस्तान और चिलचिलाती धूप और दक्षिण में समुद्री हवा और तूफान तो प्राकृतिक संघर्ष है हमारे जवानों के लिए जो सीमा पर तैनात रहते हैं दूसरी तरफ आतंकवादी और तस्करों से इनकी जान को हमेशा खतरा बना रहता है सीमा के आसपास लोगों की आवाजाही ना के बराबर होती है ऐसे में सड़क बनाने से लेकर अपने रसद सामग्री तक को ढोने की समस्या इनके जिम्मे आती है।

© JCERT not to be republished

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न उत्तर

**प्रश्न 1. 'साना–साना हाथ जोड़ी' पाठ की लेखिका का नाम बताए?**

(a) मधु कांकरिया

(b) सुधा अरोड़ा

(c) ममता कालिया

(d) महादेवी वर्मा

उत्तर-(d) मधु कांकरिया

**प्रश्न 2. 'साना–साना हाथ जोड़ि'किस विधा की रचना है?**

(a) निबंध (b) यात्रा वृतांत

(c) कहानी (d) नाटक

उत्तर-(b) यात्रा वृतांत

**प्रश्न 3. 'साना–साना हाथ जोड़ी' का अर्थ बताएं?**

(a) छोटे–छोटे हाथ जोड़कर प्रार्थना

(b) एक प्रकार की प्रार्थना

(c) दो जोड़े हाथ

(d) हाथ जोड़कर कुछ कहना

उत्तर-(d) छोटे–छोटे हाथों के द्वारा प्रार्थना

**प्रश्न 4. 'साना–साना हाथ जोड़ि' किस भाषा में की जाने वाली प्रार्थना है?**

(a) गुजराती (b) बंगाली

(c) नेपाली (d) असमिया

उत्तर-(c) नेपाली

**प्रश्न 5. 'साना–साना हाथ जोड़ि' प्रार्थना लेखिका ने किस देश की युवती से सीखी थी?**

(a) श्रीलंका (b) बर्मा

(c) नेपाल (d) थाईलैंड

उत्तर-(c) नेपाल

**प्रश्न 6. मधु कांकरिया की यात्रा वृतांत 'साना–साना हाथ जोड़ी' किस शहर पर आधारित है?**

(a) गैंगटोक शहर (b) कोलकाता शहर

(c) चंडीगढ़ शहर (d) दिल्ली शहर

उत्तर-(a) गैंगटॉक शहर

**प्रश्न 7. गैंगटॉक शहर की राजधानी है?**

(a) भूटान (b) नेपाल

(c) सिक्किम (d) नागालैंड

उत्तर-(c) सिक्किम

**प्रश्न 8. लेखिका ने गैंगटॉक को किन लोगों का शहर बताया है?**

(a) राजाओं का (b) रईसों का

(c) बादशाहों का (d) गरीबों का

उत्तर-(c) बादशाहों का

**प्रश्न 9. गैंगटॉक शहर रात में कैसा दिखता है?**

(a) जगमगाता हुआ (b) ठहरा हुआ

(c) सोया हुआ (d) हंसता हुआ

उत्तर-(a) जगमगाता हुआ

**प्रश्न 10. गैंगटॉक में सुबह आँख खुलते ही लेखिका बाल्कनी के तरफ क्यों भागी?**

(a) चाय पीने के लिए

(b) कंचनजंघा की चोटी देखने के लिए

(c) धूप सेंकने के लिए

(d) बाल सुखाने के लिए

उत्तर-(b) कंचनजंघा की चोटी देखने के लिए

**प्रश्न 11. गैंगटॉक से कंचनजंघा किन शर्तों पर दिखाई देती है?**

(a) साफ मौसम (b) बादल वाले मौसम

(c) गर्म मौसम (d) बर्फीले मौसम

उत्तर-(a) साफ मौसम

© JCERT not to be republished

**प्रश्न 12. हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी कौन सी है?**

(a) नीलगिरि पर्वत (b) कंचनजंगा

(c) नंदा देवी (d) पारसनाथ

उत्तर-(b) कंचनजंगा

**प्रश्न 13. गैंगटॉक शहर से यूमथांग की दूरी कितनी थी?**

(a) 149 किलोमीटर

(b) 120 किलोमीटर

(c) 200 किलोमीटर

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a) 149 किलोमीटर

**प्रश्न 14. सिक्किम में यूमथांग का अर्थ क्या है?**

(a) घर (b) घाटी

(c) फूल (d) दर्रा

उत्तर-(b) घाटी

**प्रश्न 15. जितेन नार्गे कौन था?**

(a) एक ड्राईवर

(b) कुशल वक्ता

(c) निर्भीक और जानकार व्यक्ति

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 16. जितेन नार्गे गाड़ी चलाने के अतिरिक्त लेखिका का किस प्रकार से मार्ग दर्शन कर रहा था?**

(a) गाइड के तौर पर

(b) साथी के तौर पर

(c) गांव वाले के तौर पर

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a) गाइड के तौर पर

**प्रश्न पहाड़ी क्षेत्रों में कौन से पेड़ बहुतायत (अधिक) मात्रा में मिलते हैं?**

(a) आम के पेड़ (b) अनार के पेड़

(c) पाईन के पेड़ (d) जामुन के पेड़

उत्तर-(c) पाईन के पेड़

**प्रश्न 18. सिक्किम राज्य में किस महापुरुष की बड़ी मान्यता है?**

(a) बुध (b) महावीर

(c) रविदास (d) कबीर

उत्तर-(a) बुध

**प्रश्न 19. सिक्किम में किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु पर लोग क्या करते हैं?**

(a) पवित्र स्थान पर झंडे फहराते हैं

(b) 108 झंडे फहराते हैं

(c) श्वेत झंडे फहराते हैं

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 20. सिक्किम में किसी नए कार्य के प्रारम्भ पर किस प्रकार के पताकाएं लगाए जाते हैं?**

(a) रंगीन (b) श्वेत

(c) काला (d) मटमैला

उत्तर-(a) रंगीन

**प्रश्न 21. लेखिका ने प्रायः सभी जगहों पर किसकी तस्वीर लगी देखी?**

© JCERT not to be republished

(a) नेल्सन मंडेला (b) बराक ओबामा

(c) दलाई लामा (d) गाँधीजी

उत्तर-(c) दलाई लामा

**प्रश्न 22. 'कवी लोंग स्टॉक' नामक जगह पर किस फिल्म की शूटिंग हुई थी?**

(a) गाइड (b) मदर इंडिया

(c) पथेर पंचाली (d) लगान

उत्तर-(a) गाइड

**प्रश्न 23. लेपचा और भूटिया सिक्किम के दो स्थानीय**

(a) जातियाँ हैं (b) खाद्य पदार्थ हैं

(c) पयर्टक स्थल हैं (d) पहाड़ी स्थल हैं

उत्तर-(a) जातियाँ हैं।

**प्रश्न 24. जितेन के अनुसार किस चक्र को घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं?**

(a) अशोक चक्र (b) धर्म चक्र

(c) परमवीर चक्र (d) श्वेत चक्र

उत्तर-(b) धर्म चक्र

**प्रश्न 25. लोगों की आस्था, विश्वास, पाप, पुण्य आदि की धारणाएं देश में एक समान हैं यह किसे अनुभव हुआ?**

(a) लेखिका को (b) जितेन को

(c) मणी को (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a) लेखिका को

**प्रश्न 26. लेखिका पहाड़ों की सुंदरता को देखकर किसकी भांति शांत थी?**

(a) नदी (b) ऋषि

(c) बूढ़े (d) बच्चों

उत्तर-(b) ऋषि

**प्रश्न 27. सिलीगुड़ी के पास लेखिका को कौन–सी नदी दिखाई दी थी?**

(a) दामोदर (b) स्वर्णरेखा

(c) लिस्ता (d) ब्रह्मपुत्र

उत्तर-(c) लिस्ता

**प्रश्न 28. लेखिका के दृष्टिकोण में झरना क्या था?**

(a) अनंतता का प्रतीक

(b) तामसिकता दूर करने का साधन

(c) वासनाओं से बचने का साधन

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 29. लेखिका को घाटियों में क्या लिखा मिला?**

(a) थिंक ग्रीन (b) एवरग्रीन

(c) ग्रीन (d) इनमें से कोई नही

उत्तर-(a) थिंक ग्रीन

**प्रश्न 30. लेखिका ने पहाड़ों के किन दुर्लभ नजारों को देखा?**

(a) पर्वत

(b) झरने

(c) विभिन्न प्रकार के फूल और घाटियाँ

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 31. सौंदर्य भाव से डूबी लेखिका अचानक से क्या देखकर उदास हो गई?**

© JCERT not to be republished

(a) कठिन श्रम करती महिलाएं

(b) जल का अभाव

(c) सुंदर घाटियां

(d) सुंदर महिलाएं

उत्तर-(a) कठिन श्रम करती महिलाएँ

**प्रश्न 32. लेखिका के दृष्टिकोण में पहाड़ी जीवन क्या है?**

(a) स्वर्गीय सौंदर्य

(b) भूख–मौत

(c) जिंदा रहने की जंग

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 33. पहाड़ी महिलाओं के मातृत्व और श्रम साधना एक साथ देखकर लेखिका क्या हो गई?**

(a) भावुक (b) जड़वत

(c) खुश (d) निर्जीव

उत्तर-(a) भावुक

**प्रश्न 34. लेखिका को पहाड़ी महिलाएँ क्या–क्या काम करते नजर आईं?**

(a) सड़क बनाते

(b) मवेशी चराते, लकड़ियाँ ढोते

(c) चाय–पत्तियाँ तोड़ते

(d) इनमें सभी

उत्तर-(d) इनमें सभी

**प्रश्न 35. पलामू और गुमला के जंगलों में लेखिका ने पत्तों की तलाश करते हुए किन्हें देखा था?**

(a) आदिवासी युवतियों को

(b) बच्चों को

(c) बूढ़ों को

(d) गाँव वालों को

उत्तर-(a) आदिवास युवतियों को

**प्रश्न 36. मणी कौन था?**

(a) लेखिका की सहयात्री

(b) डॉक्टर

(c) शिक्षिका

(d) पहाड़ी महिला

उत्तर-(a) लेखिका की सहयात्री

**प्रश्न 37. 'कितना कम लेकर यह समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती है' यह पंक्तियाँ लेखिका किन के संदर्भ में कहती हैं?**

(a) सामान विक्रेता के बारे में

(b) समाज सेवक के बारे में

(c) आम (साधारण) जनता के बारे में

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(c) आम (साधारण) जनता के बारे में

**प्रश्न 38. एक बहुत तेज वक्र (टेढ़ा) या सड़क में मोड़ को कहते हैं?**

(a) हेयर पिन बेट

(b) हेयर पिन रेस्ट

(c) सर्कल

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b) हेयर पिन रेस्ट

© JCERT not to be republished

**प्रश्न 39. जितेन के अनुसार सात–आठ वर्ष के बच्चे कितने किलोमीटर की चढ़ाई चढ़कर स्कूल जाया करते हैं?**

(a) तीन–साढ़े तीन किलोमीटर

(b) एक किलोमीटर

(c) दो किलोमीटर

(d) चार किलोमीटर

उत्तर-(a) तीन–साढ़े तीन किलोमीटर

**प्रश्न 40. स्कूल से लौटर अधिकांश बच्चे क्या करते हैं?**

(a) मवेशी चराते हैं

(b) पानी भरते हैं

(c) लकड़ियों के भारी गट्ठर ढोते हैं

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 41. यूमथांग की यात्रा के दौरान लेखिका ने पहाड़ों में किन जानवरों और पक्षियों को देखा?**

(a) याक (b) बंदर

(c) जंगली कबूतर (d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 42. 'बोकु' क्या है?**

(a) सिक्किमी परिधान

(b) स्वेटर

(c) गर्म कपड़ा

(d) टोपी

उत्तर-(a) सिक्किमी परिधान

**प्रश्न 43. 'लायुंग' क्या है?**

(a) एक शांत बस्ती (b) नदी

(c) घाटी (d) फूल

उत्तर-(a) एक शांत बस्ती

**प्रश्न 44. लेखिका के अनुसार प्रकृति की लय ताल और गति के साथ कौन खिलवाड़ कर रहा है?**

(a) हमारी पीढ़ी (b) बच्चे

(c) बूढ़े (d) पहाड़ी लोग

उत्तर-(a) हमारी पीढ़ी

**प्रश्न 45. तीस्ता नदी के जल को हाथ में लेकर लेखिका ने क्या प्रार्थना की?**

(a) अंदर के अवगुण समाप्त हो जाएं

(b) शांति प्राप्त हो

(c) समृद्धि प्राप्त हो

(d) धन प्राप्त हो

उत्तर-(a) अंदर के अवगुण समाप्त हो जाएं

**प्रश्न 46. स्नोफॉल लगातार कम क्यों होते जा रहे हैं?**

(a) स्वच्छता के कारण

(b) प्रदूषण के कारण

(c) खनिज के कारण

(d) जल भंडारण के कारण

उत्तर-(b) प्रदूषण के कारण

**प्रश्न 47. सिक्किमी नवयुवक लेखिका को स्नोफॉल देखने के लिए कहाँ जाने की सलाह देता है?**

© JCERT not to be republished

(a) कटाओ (b) श्रीनगर

(c) जम्मू (d) लद्दाख

उत्तर-(a) कटाओ

**प्रश्न 48. कटाओ को हिन्दुस्तान का क्या कहा जाता है?**

(a) शिकागो (b) पिट्सबर्ग

(c) स्विटजरलैंड (d) न्यूयॉर्क

उत्तर-(c) स्विटजरलैंड

**प्रश्न 49. कटाओ में प्रदूषण न होने के क्या कारण हैं?**

(a) एक भी दुकान का न होना

(b) दुकानों की भरमार होना

(c) हाट बाजार का लगना

(d) होटल की व्यवस्था होना

उत्तर-(a) एक भी दुकान का न होना

**प्रश्न 50. "तिमों माया सैंधे मलाई सताऊंछ" वाक्य का अर्थ बताएं?**

(a) तुम्हारा प्यारा मुझे सदैव रुलाता है

(b) तुम्हारा प्यारा मुझे सदैव हंसाता है

(c) तुम्हारा प्यार निर्मल है

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a) तुम्हारा प्यार मुझे सदैव रुलाता है

**प्रश्न 51. 'मन वृंदावन हो रहा है' इस वाक्य का क्या अभिप्राय है?**

(a) मन का भारी होना

(b) मन का हल्कापन लगना

(c) अत्यधिक प्रसन्न होना

(d) दुखी होना

उत्तर-(c) अत्यधिक प्रसन्न होना

**प्रश्न 52. प्रकृति ने जल संचय की अद्‍भुत व्यवस्था की है कैसे**

(a) सदियों में बर्फ के रूप में जल संग्रह करना

(b) गर्मियों में जमे बर्फ पिघलकर जल बनना

(c) वर्षभर जल उपलब्ध कराना

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 53. अत्यधिक ठंड के कारण पहाड़ी क्षेत्र में किस प्रकार का परिवर्तन देखने को मिलता है?**

(a) पेट्रोल को छोड़कर सबकुछ जम जाता है

(b) सब कुछ पिघल जाता है

(c) मौसम सुहावना हो जाता है

(d) इनमें से सभी

उत्तर-(a) पेट्रोल को छोड़कर सबकुछ जम जाता है

**प्रश्न 54. ऊंचाई की ओर जाने पर सड़कें किस प्रकार के होते चली जाती हैं?**

(a) घुमावदार (b) खतरनाक

(c) संकरा (d) इनमें से सभी

उत्तर-(d) इनमें से सभी

**प्रश्न 55. लेखिका ने पहाड़ी इलाकों की भयावह गरीबी की तुलना किस राज्य के पठारी इलाकों से की है?**

(a) झारखंड और दक्षिणी बिहार

(b) मध्य प्रदेश और झारखंड

(c) दक्षिणी बिहार और मध्य प्रदेश

(d) इनमें से सभी

© JCERT not to be republished

उत्तर-(a) झारखंड और दक्षिणी बिहार

**प्रश्न 56. भारत में विलय के पहले सिक्किम क्या था?**

(a) स्वतंत्र राज्य (b) स्वतंत्र राजवाड़ा

(c) लोकतांत्रिक देश (d) धर्म पोषित देश

उत्तर-(b) स्वतंत्र राजवाड़ा

**प्रश्न 57. 'क्या तुम सिक्कमी हो' लेखिका के पूछने पर सिक्कमी युवती ने क्या जवाब दिया?**

(a) नहीं मैं इंडियन हूं

(b) मैं सिक्कमी हूं

(c) स्थानीय निवासी हूं

(d) स्थानीय निवासी नहीं हूं

उत्तर-(a) नहीं में इंडियन हूं

**प्रश्न 58. खेदुम क्या है?**

(a) दर्रा (b) घाटी

(c) पहाड़ (d) झरना

उत्तर-(c) पहाड़

**प्रश्न 59. 'गंगतोक' का जितेन ने क्या मतलब बताया?**

(a) दर्रा (b) घाटी

(c) पहाड़ (d) झरना

उत्तर-(c) पहाड़

**प्रश्न 60. सिक्किम को टूरिस्ट उद्योग बनाने में किसका बड़ा योगदान था?**

(a) आर्मी के कप्तान शेखर दत्ता

(b) सिक्किम के मुख्यमंत्री

(c) देश के प्रधानमंत्री

(d) सिक्किम के आम नागरिक

उत्तर-(a) आर्मी के कप्तान शेखर दत्ता

© JCERT not to be republished

## लघुउत्तरी प्रश्न उत्तर

**प्रश्न 1. 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ की रचनाकार कौन हैं एवं यह किस विद्या की रचना है?**

उत्तर- 'साना–साना हाथ जोड़ि' लेखिका मधु कांकरिया की रचना है। यह यात्रा वृतांत विद्या में लिखी गई रचना है।

**प्रश्न 2. गैंगटॉक (गंतोक) शहर को 'मेहनतकश बादशाहों' का शहर क्यों कहा गया है?**

उत्तर- गैंगटॉक शहर हिमालय पर्वत क्षेत्र में स्थित है। पहाड़ों को रहने लायक और उपयोगी बनाना आसान नहीं है। लेकिन गैंगटॉक बादशाहों ने अपने मेहनत के बदौलत इसे संभव बना दिया।

**प्रश्न 3. लेखिका को गैंगटॉक शहर से कंचनजंघा शिखर के दर्शन क्यों नहीं हुए?**

उत्तर- बादलों के स्वच्छ न होने के कारण लेखिका को कंचनजंगा शिखर के दर्शन गैंगटॉक शहर से नहीं हो पाए।

**प्रश्न 4. जितेन नार्गे के द्वारा लेखिका को यहां के जनजीवन के बारे में क्या जानकारी मिली?**

उत्तर- नार्गे ने लेखिका को बताया कि यहां के लोग बहुत परिश्रमी हैं। बच्चे, औरतें

आदि सभी अत्यधिक परिश्रम करते हैं। मवेशी चराना, लकड़ियों का कट्ठर ढ़ोना, पानी भरना आदि यहां सामान्य काम माने जाते हैं।

**प्रश्न 5. जितेन ने सिक्किम में लोगों की धार्मिक मान्यता के बारे में क्या जानकारी दी?**

उत्तर- जितेन ने लेखिका को बताया कि यहां के लोग बौद्ध धर्म को मानते हैं। किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु पर 108 श्वेत पताकाएं एवं खुशी के अवसर पर रंगीन पताकाएं लगाई जाती हैं। यहां के लोगों का धर्म चक्र में भी अत्यधिक विश्वास है।

**प्रश्न 6. सिक्किम में किन अवसरों पर पताकाएं लगाए जाते हैं?**

उत्तर- सिक्किम में किसी अवसर पर पताकाओं को लगाने की बड़ी मान्यता है जैसे किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु होने पर श्वेत पताकाएं एवं खुशी के अवसर पर सिक्किमी लोग रंगीन पताकाएं लगाया करते हैं।

**प्रश्न 7. धर्म चक्र की मान्यता सिक्किमी लोगों के लिए क्या है एवं लेखिका धर्म चक्र को लेकर क्या सोचती हैं?**

उत्तर- धर्म चक्र को घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं। ऐसी मान्यता सिक्किम के लोगों की है। लेखिका इन मान्यताओं को देखकर इस सोच में पड़ जाती हैं कि चाहे स्थान मैदानी हो या पहाड़ी सारे देश की सोच लगभग एक जैसी ही है।

**प्रश्न 8. सिक्किम के अधिकांश स्थानों में दलाई लामा की तस्वीर लगा होना किस बात को दर्शाती है?**

उत्तर- सिक्किम में अधिकांश स्थानों पर दलाई लामा की तस्वीर लगा होना उनके प्रति लोगों की आस्था एवं विश्वास को दर्शाती है।

**प्रश्न 9. एक गाइड का कुशल ड्राइवर होने से पर्यटकों को क्या लाभ मिल सकता है?**

उत्तर- वैसे तो पर्यटक स्थलों पर गाइड एवं ड्राइवर की भूमिका अलग–अलग होती है। किंतु गाइड का ड्राइवर होने से आवश्यकता पड़ने पर गाइड ड्राइवर की भूमिका निभा सकता है।

**प्रश्न 10. किसी फिल्म की शूटिंग पर्यटक स्थल में होने से क्या लाभ हो सकता है?**

उत्तर- फिल्म की शूटिंग से पर्यटकों को मनोरंजन तो होता ही है इसके साथ–साथ उस स्थान के लिए लोगों की रुचि भी बढ़ जाती है।

**प्रश्न 11. ऊंचाई की ओर बढ़ने पर रास्ते कैसे होते जा रहे थे?**

उत्तर- ऊंचाई की ओर बढ़ने पर लेखिका ने महसूस किया कि रास्ते वीरान, संकरा और जलेबी की तरह घुमावदार होते जा रहे थे।

**प्रश्न 12. लेखिका को हिमालय किस रूप में नजर आया?**

उत्तर- हिमालय उन्हें पल–पल परिवर्तित होते नजर आई कहीं हरे रंग की मोटा कालीन ओढ़े हुए तो कहीं हल्का पीलापन लिए हुए तो कहीं पथरीला।

**प्रश्न 13. प्रकृति का रसास्वादन करने में लेखिका को बाधा क्यों हो रही थी?**

उत्तर- श्रम साध्य महिलाओं को देखकर लेखिका का मन उदास हो रहा था।

© JCERT not to be republished

महिलाओं का कोमल शरीर उनके हाथों में हथौड़े और पीठ पर बच्चों को लादे हुए काम करते देखना लेखिका को कोमल प्रकृति के बीच कठोरता का एहसास कराता है।

**प्रश्न 14. पहाड़ी महिलाओं को देखकर लेखिका को और क्या याद हो उठा?**

उत्तर- पहाड़ी महिलाओं को देखकर उन्हें गुमला एवं पलामू के जंगलों में पत्ते तलाशती आदिवासी युवतियों की याद आ जाती है।

**प्रश्न 15. 'एकाएक मानसिक चैनल बदलने' का क्या अभिप्राय है?**

उत्तर- 'एकाएक मानसिक चैनल बदलने' का अभिप्राय यहां दिमाग में अचानक से किसी दूसरे बात का ध्यान आ जाना है।

**प्रश्न 16. लेखिका को आम जिंदगियों की कहानी कहर जगह एक–सी क्यों लगी?**

उत्तर- लेखिका ने यह महसूस किया कि देश की साधारण जनता चाहे वह पहाड़ी हो या मैदानी सभी के आंसू, अभाव और यातना एक समान है।

**प्रश्न 17. पहाड़ी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है?**

उत्तर- स्कूल जाने के लिए उन्हें तीन से साढ़े तीन किलोमीटर की पहाड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। इसमें से अधिकांश स्कूली बच्चे शाम को घर पर आकर घरेलू कामों में मदद करते हैं।

**प्रश्न 18. लांयुग बस्ती की विशेषता बताएं?**

उत्तर- पहाड़ों के तल में बसा हुआ एक छोटा सा बस्ती थी जो काफी शांत और दौड़–धूप से भरी जिंदगी से निश्चिंत था।

**प्रश्न 19. लेखिका ने किसे अक्षम्य अपराध माना और क्यों?**

उत्तर- प्रकृति की लय, ताल और गति से खिलवाड़ करने को लेखिका ने अक्षम्य अपराध माना है।

**प्रश्न 20. तिस्ता के जल को हाथों में लेकर लेखिका क्या संकल्प करती है?**

उत्तर- तिस्ता के जल को लेकर लेखिका मन ही मन यह संकल्प करना चाहती है कि उसके सारे अवगुण बह जाएं।

**प्रश्न 21. कितनी ऊंचाई पर पहुंचकर लेखिका को स्नोफॉल देखने को नहीं मिलता इसके क्या कारण थे?**

उत्तर- समुद्र तल से 44 हजार की ऊंचाई पर भी लेखिका को बर्फ देखने को नहीं मिलता है और इसका कारण पहाड़ी क्षेत्र में फैलता प्रदूषण है।

**प्रश्न 22. सिक्किमी नवयुवक लेखिका को स्नोफॉल देखने के लिए कहां जाने की सलाह देता है?**

उत्तर- सिक्किमी नवयुवक लेखिका को स्नोफॉल देखने के लिए कटाओ जाने की सलाह देता है।

**प्रश्न 23. कटाओ भारत के मानचित्र पर किस रूप में अंकित है और क्यों?**

उत्तर- भारत का स्विटजरलैंड के रूप में कटाओ प्रसिद्ध है। अपनी सुंदरता और बर्फ के कारण कटाओ को हिंदुस्तान का स्विटजरलैंड कहा गया है।

**प्रश्न 24. जितेन कौन था एवं लेखिका के मुंह से नेपाली भाषा सुनकर जितेन की क्या प्रतिक्रिया हुई?**

© JCERT not to be republished

उत्तर- जितेन एक नेपाली गाइड था। लेखिका के मुंह से नेपाली भाषा सुनकर जितेन खुशी से झूम उठा।

**प्रश्न 25. मन का वृंदावन होने का क्या अभिप्राय है एवं लेखिका ऐसा क्यों कहती है।**

उत्तर- मन का वृंदावन होने का अभिप्राय अत्यधिक खुश होना है। कटाओ में चारों ओर बर्फ को देखकर लेखिका अत्यधिक खुश हो जाती है। इसलिए लेखिका ऐसे शब्दों का प्रयोग करती है।

**प्रश्न 26. कटाओ में एक भी दुकान नहीं होने के क्या कारण थे?**

उत्तर- कटाओ को टूरिस्ट स्पॉट घोषित न करने के कारण कटाओ में एक भी दुकान नहीं थी।

**प्रश्न 27. हिमालय की सुंदरता के अतिरिक्त लेखिका को हिमालय की और कौन सी विशेषताओं ने ध्यान आकर्षित किया?**

उत्तर- हिमालय की शांत और आध्यात्मिक वातावरण ने लेखिका का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया।

**प्रश्न 28. हिमशिखरों की किस अद्‌भुत व्यवस्था को लेकर लेखिका आश्चर्य व्यक्त करती है और क्यों?**

उत्तर- हिमशिखरों की जल संचय की अद्‌भुत व्यवस्था को देखकर लेखिका आश्चर्य व्यक्त करती है। सर्दियों में बर्फ के रूप में जल संग्रह करना, गर्मियों में जमे बर्फ का पिघलकर जल बनना, वर्षभर जल उपलब्ध कराना जैसी व्यवस्था को देखकर लेखिका हैरान हो जाती है।

**प्रश्न 29. लेखिका किसके सामने नतमस्तक थी और क्यों?**

उत्तर- लेखिका भारतीय जवानों के सामने नतमस्तक थी। जहां ठंड में पेट्रोल छोड़कर सब कुछ जम जाता हो ऐसे कठिन परिस्थितियों में भी जवानों का अपनी ड्यूटी में लगे रहना लेखिका का व्यथित (दुखी) कर देता है।

**प्रश्न 30. यूमथांग घाटी की जितेन ने क्या विशेषता बताई?**

उत्तर- यूमथांग की घाटियां फूलों से इस प्रकार भर जाती हैं कि मानो फूलों की सेज सजी हो।

**प्रश्न 31. पठारी इलाकों की गरीबी को लेखिका कहां देख चुकी थी?**

उत्तर- पठारी इलाकों की भयावह गरीबी का लेखिका झारखंड और दक्षिण बिहार में देख चुकी थी। उन्हें गुमला एवं पलामू के जंगलों में पत्ते तलाशती आदिवासी युवतियों की याद आ जाती है।

**प्रश्न 32. लेखिका सिक्किम की भांति किस राज्य का सहज विलय भारत में चाहती है और क्यों?**

उत्तर- लेखिका सिक्किम की भांति कश्मीर राज्य का सहज विलय भारत में चाहती है। कश्मीर में कुछ अलगाववादी गुट हमेशा कार्यरत रहते हैं वे चाहते हैं कि वे भारत से अपनी एक अलग अस्तित्व बनाएं।

**प्रश्न 33. लेखिका की सहमित्र मणि ने पहाड़ी कुत्ते की क्या विशेषता बताई?**

उत्तर- पहाड़ी कुत्ते भौंकते नहीं हैं यह केवल चांदनी रात में ही भौंकते हैं। ऐसी कुछ जानकारी मणि ने लेखिका को दी।

© JCERT not to be republished

**प्रश्न 34. सिक्किम की मान्यता के अनुसार देवी–देवताओं के निवास स्थल को क्या कहा जाता है?**

उत्तर- सिक्किम में मान्यता अनुसार देवी–देवताओं के निवास स्थल को खेदुम कहा जाता है।

**प्रश्न 35. लेखिका द्वारा पूछे जाने पर कि 'तुम लोग पहाड़ों पर गंदगी नहीं फैलाते' जितेन ने क्या जवाब दिया?**

उत्तर- जितेन ने लेखिका को बताया कि हम लोग पहाड़, नदी, झरने आदि की पूजा करते हैं अगर हम इन्हें गंद करेंगे तो हम मर जाएंगे।

**प्रश्न 36. जितेन ने लेखिका को गैंगटोक के क्या सही नाम और अर्थ बताए?**

उत्तर- जितेन ने लेखिका को गैंगटॉक का सही नाम गंतोक बताया जिसका अर्थ पहाड़ होता है।

**प्रश्न 37. भारत में विलय होने के पहले और बाद में सिक्किम की पर्यटन की स्थिति कैसी रही है?**

उत्तर- भारत में विलय के पहले सिक्किम स्वतंत्र रजवाड़ा था एवं उस समय सिक्किम में पर्यटन की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। भारत में विलय के बाद सिक्किम में टूरिस्ट स्पॉट का विशेष विकास हुआ। भारतीय आर्मी के कप्तान शेखर दत्ता का सिक्किम को टूरिस्ट स्पॉट बनाने में अतुलनीय योगदान रहा है।

© JCERT not to be republished

## पाठ से संबंधित कुछ उपयोग तथ्य

**दलाई लामा–** दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्म के प्रमुख भिक्षु हैं। दलाई लामा को मुख्य रूप से शिक्षक के तौर पर देखा जाता है। दलाई लामा का मतलब गुरु होता है जो अपने अनुयाइयों को सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म के नेता दुनियाभर के सभी बौद्धों का मार्गदर्शन करते हैं।

**सिलीगुड़ी–** सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल राज्य का तीसरा सबसे बड़ा शहरी समूह है। पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है। यह महानंदा और तीस्ता नदी के तट पर बसा प्रमुख पर्यटन स्थल है।

**तीस्ता नदी–** यह नदी भारत के सिक्किम और पश्चिम बंगाल होते हुए बंगला देश में प्रवेश करती है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**बौद्धस्टि–** बौद्ध धर्म के अनुयायी (अनुसरण करने वाला)।

**हेयर पिन बेंट–** एक बहुत तेज वक्र (टेढ़ा) या सड़क में मोड़ हेयर पिन बेंट कहते हैं।

**मिल्टन–** 'मिल्टन' अंग्रेजी साहित्य के एक प्रसिद्ध कवि थे। इनकी सर्वाधिक प्रसिद्ध रचना पैराडाइज लॉस्ट को माना गया है।

**स्विटजरलैंड–** स्विटजरलैंड एक यूरोपीय देश है। यह देश अपने खूबसूरत पहाड़ों के कारण जाना जाता है।


JEPC Reference Book for Free Distribution : 2022-23